सुविचार



भगवान यह अपेक्षा नहीं करते कि हम सफल हों, वे तो केवल इतना ही चाहते हैं कि हम प्रयास करें।
- मदर टेरेसा

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, गुरुवार, 5 फरवरी 2026



**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- 60 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़कर युवक ने लगाया फंदा II
- वॉकथॉन से किया कैंसर से बचाव के लिए जागरूक III
- 75 जिलों में बनेंगे राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय IV


# बिना सर्वेक्षण पूरा किए पटरी दुकानों को न हटाएं

## हाईकोर्ट ने मामले को तीन माह पश्चात सूचीबद्ध कर नगर निगम वेंडिंग प्लान बनाने का आदेश भी दिया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट ने कहा-बशर्ते पटरी दुकानें यातायात के सुचारू संचालन में बाधा न बन रही हों

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पटरी के दुकानदारों के हित में अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट, 2014 के तहत जब तक टाउन वेंडिंग कमेटी शहर का सर्वेक्षण पूरा नहीं कर लेती व इस संबंध में स्ट्रीट वेंडिंग सर्टिफिकेट जारी नहीं कर देती, तब तक किसी भी वर्तमान पटरी की दुकान को न हटाया जाए। बशर्ते पटरी दुकानें यातायात के सुचारू संचालन में बाधा न बन रही हों। कोर्ट ने मामले को तीन माह पश्चात सूचीबद्ध करने के आदेश दिए हैं, साथ ही इस दौरान नगर निगम लखनऊ को वेंडिंग प्लान बनाने को कहा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके कुमार



चौधरी की खंडपीठ ने अमीनाबाद के पटरी दुकानदारों अमर कुमार सोनकर व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने कहा कि जब तक विधि अनुसार सर्वेक्षण पूरा नहीं हो जाता, राज्य सरकार द्वारा वेंडिंग योजना को स्वीकृति नहीं मिल जाती तथा सभी पात्र पटरी दुकानदारों को वेंडिंग प्रमाणपत्र जारी नहीं हो जाते, तब तक धारा 3(3) के तहत ऐसे दुकानदारों को वैधानिक संरक्षण प्राप्त रहेगा। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि याचियों समेत सभी मौजूदा स्ट्रीट वेंडरों के साथ स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के प्रावधानों के अनुसार ही व्यवहार किया जाएगा। याचियों का कहना था कि सर्वेक्षण पूरा हो गया है लेकिन अब तक सर्टिफिकेट नहीं जारी किया गया। वहीं नगर निगम ने स्वीकार किया कि वेंडिंग प्लान तैयार तो किया गया है, लेकिन उसे अब तक राज्य सरकार की स्वीकृति नहीं मिली है। इस पर न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार की मंजूरी के बिना वेंडिंग प्लान कानून की नजर में अस्तित्वहीन है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि अधिनियम के तहत आवश्यक योजना, सर्वे और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पिछले 11 वर्षों से लंबित है।

## अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम टीम को दुकानदारों ने घेरा



कपूरथला में सहारा टावर के पास दुकानदारों को समझाते पुलिसकर्मी।

अमृत विचार, लखनऊ : अतिक्रमण हटाने बुधवार को कपूरथला के पास सहारा टावर पहुंची नगर निगम जोन-3 की टीम को स्थानीय दुकानदारों ने घेर लिया। दुकानदारों की टीम के सदस्यों से जमकर बहस होने लगी। दुकानदारों के आक्रोश के कारण नौबत मारपीट तक पहुंच गई। नो वेंडिंग जोन से सामान उठाने के लिए खड़े नगर निगम के ट्रक को रोकने के लिए व्यापारियों ने आगे कार खड़ी कर दी। माहौल गरम देखते हुए टीम के अधिकारियों ने जोनल अधिकारी आकाश कुमार को फोन करके इसकी सूचना दी। इसके बाद जोनल अधिकारी ने अलीगंज पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और समझाने के बाद दुकानदारों ने सड़क से दुकानें हटा लीं।

## सपा पार्षद को जल्द दिलाई जा सकती है शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड से भाजपा से पार्षद का चुनाव जीते प्रदीप कुमार शुक्ला का निर्वाचन न्यायालय ने गलत शपथ पत्र देने पर रद कर दिया था। दूसरे नंबर पर रहे सपा प्रत्याशी ललित तिवारी पार्षद बन गए हैं। जल्द ही उनको महापौर सुषमा खर्कवाल शपथ दिला सकती हैं। नगर निगम ने इसके लिए विधिक राय मांगी है। शपथ दिलाने की मांग को लेकर ललित अधिवक्ता साथियों के साथ नगर निगम मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार से इस संबंध में बातचीत की थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद शासन से इस पर निर्णय लिया जाना था। शासन ने गेंद नगर निगम के पाले में डाल दी है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शासन ने नगर निगम को अपने स्तर पर निर्णय लेने के लिए कहा है।

## शहर में आज



- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश जैन बौद्ध शोध संस्थान का 35वां स्थापना दिवस एवं अलंकरण समारोह- 9:30 बजे से।
- राजकीय हाईस्कूल मस्तेमउ गोसाईगंज में वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम- 11:00 बजे से।
- राजकीय हाईस्कूल मस्तेमऊ में वार्षिकोत्सव, पुरा छात्र सम्मेलन, बहुउद्देश्यीय सभागार का उद्घाटन व विद्यालय की वार्षिक पत्रिका "नवकिसलय" का विमोचन- 11 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में थर्ड जेंडर इन इंडिया विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार- 10:00 बजे से।
- इंटीग्रल विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक, शैक्षिक और कलात्मक कार्यक्रम फिएस्टा का आयोजन- 11:00 बजे से।
- नेशनल पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा और ऐतिहासिक आधार विषय पर संगोष्ठी को हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल संबोधित करेंगे- 12:00 बजे से।
- कला मंडपम प्रेक्षागृह में पं. बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से बिरजू महाराज की जयंती पर असम और गुजरात के कलाकारों का कथक नृत्य- 5:00 बजे से।
- फरीदी नगर पिकनिक स्पॉट में कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से सरदार पटेल सामाजिक एवं साहित्यिक संगठन की ओर से एक शाम साहित्यकारों के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन- 5:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : कई इलाकों में मेंटीनेंस कार्य किए जानने के चलते आज सप्लाई बाधित रहेगी। गोमतीनगर के विनयखंड-तीन, विजयखंड-2, उजरियांव, विनयखंड-1, विनयखंड-चार में मेंटीनेंस के काम किए जाने के कारण सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक आंशिक रूप से सप्लाई बंद रहेगी। गहरू उपकेंद्र के जयराजपुरी, गौरी विहार, सिद्धार्थ नगर और शमशेरपुरम में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

### जनभवन में डाक टिकट प्रदर्शनी कल से

उजीपीओ की ओर से जनभवन में 6 फरवरी से 8 फरवरी तक जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। पहली बार हो रही इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े दुर्लभ डाक टिकटों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों, प्रादेशिक फल, शाक-भाजी और पुष्पों पर आधारित डाक टिकटों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों व आम जनमानस में डाक टिकट संग्रह (फिलेटली) के प्रति रुचि विकसित करना है। पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ परिक्षेत्र सुनील कुमार राय ने बताया कि छात्रों के लिए स्टाम्प डिजाइन प्रतियोगिता, पत्र लेखन प्रतियोगिता व फिलेटली क्विज प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी।

### डॉ. पीके श्रीवास्तव अधीक्षक बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के डॉ. पीके श्रीवास्तव को अस्पताल का नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। बुधवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले डॉ. देवाशीष शुक्ला इस पद पर कार्यरत थे, जिन्हें अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी का परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है।

### ओटीएस का दूसरा चरण आज होगा खत्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के दूसरे चरण का आज अंतिम दिन है। इसके बावजूद राजधानी के कई क्षेत्रों के एक लाख से अधिक उपभोक्ता अभी भी बिजली बिल के बकायेदार बने हुए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की विभाग ने सूची विभाग तैयार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को मन बना लिया है। शुक्रवार से उपकेंद्र अधिकारियों को बकायेदारों के कनेक्शन काटने और बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए है।



शहर में बुधवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई, दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटने लगा और दोपहर में धूप निकल आई। सुबह 9 बजे रूमी गेट के पास छाए कोहरे के बीच निकलते वाहन।

## कोहरा छाया, 3.4 डिग्री लुढ़का न्यूनतम तापमान

अमृत विचार, लखनऊ : बुधवार सुबह के समय कोहरा छाया रहा उसके बाद धूप निकल आई लेकिन ठंड बरकरार रही। अचानक मौसम में बदलाव और मंगलवार सुबह हुई बारिश के कारण बुधवार को न्यूनतम तापमान करीब 3.4 डिग्री गिरकर 10.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक था। अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री बढ़कर 22.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी और आस-पास सुबह कोहरा रहेगा बाद में मौसम साफ हो जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ सुबह घने कोहरे के आसार हैं। अधिकतम तापमान में परिवर्तन होने की संभावना कम है। 5 फरवरी से हवा की गति बढ़ने से लखनऊ में कोहरे में कमी आने की सम्भावना है।

## बारिश-ओलावृष्टि से नुकसान का कोई दावा नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में ओला और बारिश से फसलों की क्षतिपूर्ति का एक भी दावा नहीं आया। कृषि विभाग ने टोलफ्री नंबर जारी करने के साथ कार्यालय पर शिकायत मांगी है। 72 घंटे बीतने के बाद दावा मान्य नहीं होगा। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 17,582 किसानों ने रबी की फसलें बीमित कराई हैं। योजना का मकसद बारिश, ओलावृष्टि आदि से बीमित फसलों को नुकसान होने पर आकलन के आधार पर क्षतिपूर्ति देना है। मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तेज बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा था। इसको देखते हुए कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर 14447 जारी करने के साथ उप निदेशक कार्यालय पर 72 घंटे के अंदर लिखित शिकायत मांगी है। इस क्रम में दूसरे दिन पहले और दूसरे दिन एक भी दावा नहीं किया गया। उपनिदेशक विनय कौशल ने बताया कि किसान 72 घंटे में क्षतिपूर्ति के लिए दावा कर सकते हैं।

# ग्रीन कॉरिडोर को इसी माह हरी झंडी

## 21-22 तारीख को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फेज 1 और 2 आईआईएम रोड से समतामूलक चौक तक तैयार
- दोनों फेज को जोड़ने वाले निशातगंज में रोटरी का कार्य अंतिम चरण में

**फेज-1**
6 किमी, लागत 100 करोड़ रुपये

**फेज-2**
1.8 किमी, लागत 210 करोड़ रुपये

**10 मिनट**
में आईआईएम रोड से समतामूलक चौक





हनुमान सेतु के पास ग्रीन कॉरीडोर की झलक।

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का ग्रीन कॉरीडोर फेज 1 और 2 आईआईएम रोड से समतामूलक चौक तक तैयार हो गया है। दोनों फेज को जोड़ने वाले निशातगंज में रोटरी का कार्य अंतिम चरण पर है। एलडीए की इसी माह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के हाथों ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण कराने की तैयारी में है। रक्षामंत्री 21 व 22 को राजधानी में रहेंगे। इन्हीं तारीखों में ग्रीन कॉरिडोर को हरी झंडी दिखाने की संभावना है।

एलडीए को चार चरण में आईआईएम रोड से किसान पथ तक 28 किमी ग्रीन कॉरिडोर बनाना है। इसमें फेज-1 आईआईएम रोड से डालीगंज तक नया रूट संचालित हो चुका है। फेज-2 में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौराहे तक नया रूट तैयार किया गया है।

इसके बीच निशातगंज में रोटरी की फिनिशिंग और रंग-रोगन का काम अंतिम चरण पर है। लोकार्पण के दौरान फेज-2 चालू होने से आईआईएम रोड से डालीगंज, निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक 10 मिनट में वाहनों से आनाजाना होगा। इससे जाम से निजात मिलेगी और समय बचेगा। अभी अन्य रूट से आने जाने में काफी समय लगता है जबकि पीकऑवर और जाम लगने पर एक घंटा से अधिक समय लगता है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लगभग कार्य पूर्ण हो गया है। इस माह लोकार्पण कराने का प्लान है। नया रूट चालू होने से लोगों को राहत मिलेगी।

### पिपराघाट पर तीसरे चरण का काम शुरू



प्रथम चौराहा का निर्माण करते श्रमिक।

ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे एवं चौथे चरण में समतामूलक चौक से किसान पथ तक बंधा रोड, फ्लाईओवर, ब्रिज व शहीद पथ पर इकाना स्टेडियम के पास फ्लाईओवर बनेगा। तीसरे चरण का टेंडर जारी होने से पिपराघाट से शहीद पथ के बीच समतलीकरण शुरू हो गया है। बारिश से पहले लैंड फिलिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। इस पांच किमी लंबे स्ट्रेच में कॉरिडोर बनने से कैंट से अयोध्या रोड व कानपुर रोड की ओर जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। तीसरे चरण में पिपराघाट रेलवे क्रासिंग पर आरओबी, दिलकुशा रोड का चौड़ीकरण, पिपराघाट से आर्मी लैंड के नाले तक 2.8 किमी लंबा 4-लेन का बंधा और आर्मी लैंड नाले से शहीद पथ के मध्य 2.5 किमी लंबा स्ट्रेच बंधा बनाया जाएगा।

### सृष्टि-सरगम मार्ग के लिए 1.22 करोड़ मंजूर

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए ने कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट से सरगम अपार्टमेंट तक और सरगम से सुलभ आवास तक सड़क निर्माण के लिए 1.22 करोड़ का बजट जारी किया है। इससे लोगों को जर्जर मार्ग से राहत मिलेगी। ये बजट अवस्थापना निधि की बैठक में स्वीकृत किया गया है। सड़क निर्माण की स्वीकृति को क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के आवासीय क्षेत्रों का विकास भी तेज होगा। ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के महासचिव विवेक शर्मा ने स्थानीय नागरिकों की समस्या उठाई थी। जहां खराब सड़क के कारण आवागमन, बच्चों की पढ़ाई और आपात सेवाओं में लगातार परेशानी होती है। इसके अलावा अन्य योजनाओं में कार्यों के लिए करोड़ों रुपये मंजूर किए गए हैं।

# सीवर-वाटर लाइन डालने में नहीं चलेगी मनमानी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जल निगम को सड़क की खुदाई से पहले देनी होगी जलकल व नगर निगम को सूचना
- महापौर सुषमा खर्कवाल ने अभी तक खोदी गई सड़कों की रिपोर्ट भी मांगी

**अमृत विचार :** शहर में सीवर व वाटर लाइन डालने में अब जल निगम मनमानी नहीं कर पाएगा। सड़क की खुदाई करने से पहले जलकल और नगर निगम को सूचना देनी पड़ेगी। इसके अलावा महापौर में सीवर और वाटर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की रिपोर्ट भी मांगी है।

दरअसल पार्षदों ने 27 जनवरी को नगर निगम सदन और 3 फरवरी को हुई बैठक में सड़कों की खुदाई से जनता को होने वाली परेशानी की समस्या उठाई थी। पार्षदों ने जल निगम पर सड़कें खोदकर छोड़ देने का आरोप लगाया था। पार्षदों का कहना था कि नगर निगम को सूचना न देने से सड़कें जर्जर पड़ी रहती हैं। इससे आवागमन में परेशानी होने के साथ हादसे भी होते हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने पार्षदों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल निगम के अभियंताओं को कोई सड़क खोदने या काम शुरू करने से पहले जलकल और नगर निगम के अधिकारियों को सूचना देना जरूरी कर दिया है। महापौर ने शहर में सीवर और वाटर लाइन डालने के लिए जल निगम की ओर से खोदी गई सड़कों और उनके निर्माण की रिपोर्ट मांगी है। पार्षदों की शिकायत थी कि विभूतिखंड, सरोजनीनगर आलमबाग आदि क्षेत्रों में काफी समय से सड़क खुदी पड़ी हैं। सीवर लाइन डालने के कार्य में अनियमितता का आरोप भी लगाया गया है। आलमबाग में जल निगम ने वाटर लाइन के ऊपर ही सीवर लाइन डाल दी। जिससे दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

**लविवि** | एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुचित स्वरूप और शोधार्थी छात्र शाश्वत सिंह के शोध में सामने आई जानकारी

# नींद और दिल की बीमारियों में निकला सीधा संबध

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

- कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया लाखों लोगों को करती हैं प्रभावित
- नींद में बार-बार सांस रुकने का सीधा संकेत कि शरीर में है ऑक्सीजन की कमी

**कैसे करें बचाव**

- तनावपूर्ण जीवनशैली से दूर रहें
- व्यायाम, योग प्राणायाम करें
- संतुलित भोजन करें



**अमृत विचार:** हार्ट डिज़ीज़ और स्लीप एपनिया भले ही अलग बीमारियां हैं, लेकिन इनका सीधा संबंध है। ये जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के शोध में सामने आई है।

विवि के प्राणी विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुचित स्वरूप और शोधार्थी छात्र शाश्वत सिंह के शोध में यह पता लगा है कि कोरोनरी आर्टरी (सीएडी) और आब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) दो बीमारियां आपस में जुड़ी हैं। इन बीमारियों को अलग-अलग मानकर उपचार किया जाता है। शोध में सामने आया है कि शरीर की सभी प्रणालियां आपस में जुड़ी होती हैं। खून में मौजूद छोटे-छोटे अणुओं को समझकर हम बड़े सवालों के जवाब पा सकते हैं। ये लोगों की जीवनदायी बन सकते हैं।

प्रोफेसर डॉ. सुचित ने बताया कि सीएडी में खून का थक्का जमता है, जबकि ओएसए में नींद में सांस बार-बार रुक जाती है। जिसका अर्थ है कि शरीर में आक्सीजन की कमी है। यह दोनों बीमारियां दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। सीएडी तब होता है जब दिल को खून पहुंचाने वाली नसों में फैट और कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है। इससे खून का बहाव रुक जाता है और छाती में दर्द या हार्ट अटैक हो सकता है। ओएसए एक नींद की बीमारी है, जिसमें सोते समय बार-बार सांस रुकती और फिर चलती है। इससे शरीर में ऑक्सीजन कम हो जाती है और नींद बार-बार टूटती है। लंबे समय तक ऐसा होने पर दिल और रक्त वाहिकाओं पर ज़्यादा दबाव पड़ता है, जिससे हार्ट डिज़ीज़ का खतरा बढ़ जाता है।

### ब्लड प्रोटीन की हो रही खोज

विश्वविद्यालय के एक्सपेरिमेंट एंड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी में यह समझने की कोशिश हो रही है कि कौन से ब्लड प्रोटीन इन दोनों बीमारियों को जोड़ सकते हैं। दो तरह के विशेष प्रोटीन है। अपोलीपोप्रोटीन ए-वन और अपोलीपोप्रोटीन बी-100 यह दोनों प्रोटीन खून में कोलेस्ट्रॉल और फैट को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम करते हैं। जिसमें पहला तो गुड प्रोटीन कहा जाता है क्योंकि यह शरीर से अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल निकालने में मदद करता है और दिल को सुरक्षित रखता है। जबकि दूसरा "बैड" प्रोटीन कहा जाता है क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल को धमनियों में जमा करता है, जिससे ब्लॉकेज बन सकता है। माना जाता है कि इन प्रोटीनों के स्तर में बदलाव से समझा सकता है कि स्लीप एपनिया वाले लोगों में हार्ट डिज़ीज़ क्यों ज़्यादा होती है।

### शोध के बाद प्रोटीन बायोमार्कर बनेगा

यदि शोध के अंतिम निष्कर्ष में यह संबंध साबित हो जाता है, तो ये प्रोटीन बहुत उपयोगी बायोमार्कर बन सकते हैं। खून की एक साधारण जांच से यह पता लगा सकते हैं कि किसी व्यक्ति को सीएडी या ओएसए का खतरा है या नहीं। इससे समय रहते इलाज और जीवनशैली में बदलाव करके गंभीर हार्ट प्रॉब्लम से बचा जा सकता है।

# 80 प्रतिशत स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस नेगेटिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1066 करोड़ रुपये बकाया से पावर कॉरपोरेशन परेशान

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद कई चौकानें वाले तथ्य सामने आए है। पावर कॉरपोरेशन के आंकड़ों के अनुसार, करीब 80 प्रतिशत प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस नेगेटिव हो चुका है, जिससे बिजली कंपनियों पर 1066 करोड़ रुपये का बकाया खड़ा हो गया है।

राज्य में अब तक लगभग 54.51 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 44.02 लाख उपभोक्ताओं के मीटर नेगेटिव बैलेंस में चल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें ज्यादातर उपभोक्ता शहरी क्षेत्रों के हैं। ये पहले पोस्टपेड व्यवस्था में हर महीने नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते थे। कारपोरेशन पुराने पोस्टपेड मीटरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटरों से बदल रहा है। शुरुआती अवधि में ये मीटर पोस्टपेड मोड में चलते हैं, लेकिन बाद में इन्हें प्रीपेड मोड में परिवर्तित कर दिया जाता है।

प्रीपेड होने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता मीटर रीचार्ज नहीं करा रहे हैं, जिससे उनका बैलेंस लगातार नेगेटिव होता जा रहा है। इस पूरे मामले पर चिंता जताते हुए कॉरपोरेशन ने सभी बिजली वितरण कंपनियों के एमडी को पत्र लिखकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि नेगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं को विश्वास में लिया जाए, और उन्हें स्मार्ट मीटर और प्रीपेड प्रणाली के बारे में जागरूक किया जाए।

## सिटी ब्रीफ

### कार की टक्कर से माली की मौत

अमृत विचार, आलमबाग : थाना क्षेत्र के कांशीराम स्मारक स्थल में कार्यरत माली राम सूरत यादव (47) की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। आलमबाग पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राम सूरत यादव मूलरूप से बलरामपुर जिले के निवासी थे और इको गार्डन प्रशासनिक भवन के सामने रास्ते में बेकाबू कार की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार के बाद पत्नी कृष्णावती ने गाड़ी नंबर आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र के मौरा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में चोरों ने ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संतोष पाल ने बताया कि 29 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र के कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखा सामान समेटकर फरार हो गए। आंगनबाड़ी केंद्र से एक एलईडी टीवी, 12 स्टील के गिलास, 12 कटोरियां और 12 चम्मच चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### काकोरी में जालसाज गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : जाली दस्तावेज बनाकर दूसरे को खड़ाकर विधवा की जमीन हड़पने वाले आरोपी को काकोरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मो. हसीब काकोरी के ताड़तला कस्बे का रहने वाला है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि 17 नवंबर 2024 को बालागंज ठाकुरगंज निवासी सुरैय्या खातून ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि उनके ससुर और भाइयों के नाम की जमीन के आरोपियों ने जाली पेपर बनाए और फिर दूसरे शख्स को खड़ा कर रजिस्ट्री कर दी थी। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### अंसल पर दो और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : हाईटेक आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों पर दो और रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज की गयी हैं। आलमबाग के पवनपुरी निवासी बृजमोहन पाल का कहना है कि उन्होंने जुलाई 2015 में सुशांत गोल्फ सिटी सेक्टर-के में एक भवन बुक कर अंसल के खाते में 1,01,500 रुपये जमा किए थे। तय समय बाद भी उन्हें मकान नहीं मिला। वहीं, कानपुर के किदवईनगर स्थित बाबूपुरवा कॉलोनी निवासी संजीव श्रीवास्तव ने अंसल कंपनी में संपर्क कर अप्रैल 2014 में ईडब्ल्यूएस भवन का रजिस्ट्रेशन कराया था। 11 साल बाद भी उन्हें भवन नहीं मिला।

### रहीमाबाद पुलिस ने पकड़ा चावल

अमृत विचार, मलिहाबाद : लखनऊ-हरदोई रोड पर बुधवार दोपहर रहीमाबाद पुलिस ने डीसीएम में लदा संदिग्ध चावल पकड़ा। पारंपरिक किस्मों के एकदम अलग से लग रहे चावल को देखकर पुलिस को शक हुआ। खाद्य निरीक्षक ने चावल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि दोपहर में एक डीसीएम बिना टायर के केवल रिम पर हरदोई रोड पर चली जा रही थी। बिना टायर के चालक डीसीएम को लेकर रहीमाबाद से करीब सात किलोमीटर आगे निकल गया। पुलिस को यह देखकर शंका हुई और कार्रवाई की।

# बरगद के 60 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़कर युवक ने लगाया फंदा

## पांच घंटे की कड़ी मशक्कत से दमकल और एसडीआरएफ ने शव उतारा

- पुलिस के प्रयास करने के बाद भी नहीं हुई शव की पहचान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चारबाग में सेवा ग्राम कॉलोनी स्थित केकेसी में लगे वर्षों पुराने बरगद के पेड़ पर करीब 60 फीट ऊंचाई पर 30 वर्षीय युवक का शव फंदे पर लटका मिला। यह देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही हुसैनगंज पुलिस भी पहुंच गई। शव तक पहुंचना संभव नहीं था लिहाजा दमकल और एसडीआरएफ को बुलाया गया।

हजरतगंज फायर स्टेशन से फायर मैन ओमकार सिंह हाईड्रोलिक प्लेटफार्म लेकर पहुंचे। इस बीच एसडीआरएफ भी पहुंच गई। आलमबाग एफएसओ धर्मपाल, एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह के निर्देशन में ओमकार सिंह और एसडीआरएफ की टीम के दो जवान हाईड्रोलिक प्लेट फार्म में लगी टोकरी में सवार हुए। टोकरी को ऊपर तक ले जाया गया। जवानों ने पेड़ की एक डाल को काटकर रास्ता बनाया। उसके बाद किसी तरह शव को उतारा। एसओ ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। करीब पांच घंटे रेस्क्यू करके शव को फंदे से उतारा गया। बिना हाईड्रोलिक के मौके तक जवानों का पहुंचना संभव नहीं था। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।



शव को नीचे उतारने के लिए लगी हाइड्रोलिक मशीन व मौके पर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा के तनाव में हाईस्कूल छात्र ने की आत्महत्या

अमृत विचार, आलमबाग : थाना क्षेत्र में हाईस्कूल छात्र प्रतीक आनंद (16) ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अतिरिक्त निरीक्षक रविंद्र नाथ भदौरिया ने बताया कि छात्र बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव में था। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सरदारीखेड़ा निवासी आशा का बेटा प्रतीक निजी स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। बड़े भाई प्रसार आनंद ने बताया कि प्रतीक इस बार बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा था और पढ़ाई में कमजोर होने के कारण तनाव में था। मंगलवार शाम को परिजन कमरे में आए तो प्रतीक दुपट्टे से लटका मिला। पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

# नशे में साइकिल से बाइक छूने पर विवाद में हुई थी संतराम की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के मुल्लाखेड़ा में संतराम (40) की हत्या बाइक और साइकिल के छू जाने के बाद हुए विवाद में की गई थी। नशे की हालत में हुए क्षणिक झगड़े में अपने ही दोस्त की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट और बाइक भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बुधवार को दोनों को जेल भेज दिया।

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली बसंथ कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम कटरा बक्कास निवासी सुशील और बुद्धूखेड़ा निवासी दीपक कुमार शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि 2 फरवरी की रात उन्होंने अधिक शराब पी थी। देर रात करीब 11:30 बजे शराब पीने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से मुल्लाखेड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान साइकिल से जा रहे संतराम से उनकी बाइक छू गई। इस पर संतराम गाली देते हुए आगे बढ़ गया।

गाली-गलौज से नाराज होकर सुशील और दीपक ने बाइक मोड़ी और आगे जाकर संतराम को रोक लिया। दोनों ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई की और सड़क से घसीटकर पास के एक खाली प्लॉट में ले गए। वहां ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। अमृत विचार

- दोनों आरोपी दोस्त गिरफ्तार बाइक व खून लगी ईंट बरामद

एडीसीपी ने बताया कि 3 फरवरी को संतराम का शव मिलने के बाद मामले के खुलासे के लिए एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव के निर्देशन में इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय समेत तीन पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस ने करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बाइक सवार आरोपी जाते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

**17 हजार की उधारी का भी था विवाद :** इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपी और संतराम करीब तीन साल से दोस्त थे और साथ मजदूरी करते थे। संतराम ने करीब दो साल पहले आरोपी सुशील से 17 हजार रुपये उधार लिए थे। उधारी वापस न होने को लेकर पहले भी उनके बीच विवाद हो चुका था।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से ऐंठे 35 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विरोध पर तेजाब फेंकने की दी धमकी, पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** हत्या के मामले में दो माह पूर्व जेल से छूटे अपराधी ने युवती को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 35 हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद और रुपयों की मांग की। मांग पूरी न होने पर वीडियो और फोटो वायरल कर दी। विरोध पर तेजाब डालने और परिवार को गोली मारने की धमकी दी। पीजीआई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी और उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी अक्षय प्रताप सिंह तेलीबाग के बलदेव विहार का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी अक्षय ने कुछ दिनों पहले बेटी को रास्ते में रोका और अश्लील वीडियो व फोटो दिखाने लगा। वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर 35 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद फिर वह रुपयों की मांग करने लगा। विरोध पर तेजाब डालने और परिवार को गोली मारने की धमकी दी।




पीड़िता ने रुपये नहीं होने की बात की तो उसकी एडिट की हुई अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी अक्षय प्रताप कैंट कोतवाली में दर्ज हत्या के मामले में करीब दो माह पूर्व ही जमानत पर बाहर आया है। धमकाया कि अगर वह जेल गया तो तुम्हें जेल से ही मरवा दूंगा। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजन को दी तो वह भी डर गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला सीएचओ का यौन शोषण वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाखों रुपये व जेवर ऐंठे, रूम पार्टनर रही आरोपी की पत्नी भी शामिल
- डिमांड पूरी न होने पर परिजन व रिश्तेदारों को भेजी फोटो
- पीड़िता ने गुडंबा थाने में दंपति पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** लखीमपुरखीरी में तैनात महिला सीएचओ ने दंपति पर यौन शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और लाखों रुपये व जेवर हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि रूम पार्टनर के दोस्त ने जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि सहेली ने उसकी फोटो और वीडियो बना ली। इसके बाद दंपति ने इन्हीं वीडियो और फोटो के सहारे ढाई साल तक ब्लैकमेल कर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मूल रूप से खीरी निवासी पीड़िता ने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले वह लखनऊ के एक अस्पताल में नौकरी करती थी। इसी दौरान वह गुडंबा इलाके में रूम पार्टनर चांदनी पांडेय के साथ किराए पर रहती थी। चांदनी ने उसकी दोस्ती रामनरेश यादव निवासी बांदा से कराई। पीड़िता के अनुसार, दोनों ने साजिश के तहत उसे जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में रामनरेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि चांदनी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली।

करीब दो साल पहले पीड़िता की नियुक्ति खीरी में सीएचओ पद पर हो गई और वह वहां चली गई। इसके कुछ समय बाद रामनरेश ने फोन कर उससे शादी का प्रस्ताव रखा। इंकार करने पर आरोपी ने दुष्कर्म के दौरान बनाए गए फोटो और वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे बार-बार लखनऊ बुलाकर यौन शोषण करता रहा। इसी दौरान ब्लैकमेल कर उससे लाखों रुपये, सोने की चेन, अंगूठी और एटीएम कार्ड भी ले लिए गए। जब पीड़िता वीडियो और फोटो डिलीट करने की बात करती तो आरोपी धमकी देता।

पीड़िता ने बताया कि रामनरेश और उसकी पत्नी चांदनी ने मिलकर तीन लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। रकम न देने पर आरोपियों ने उसकी अश्लील फोटो परिजन और रिश्तेदारों को भेज दी। विरोध करने पर धमकी दी गई कि रुपये नहीं दिए तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। सामाजिक बदनामी और लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने गुडंबा थाने में दंपति के खिलाफ यौन शोषण, ब्लैकमेल, ठगी और धमकी सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कार शोरूम में बुकिंग के नाम पर सेल्समैन ने ठगे 4.23 लाख

संवाददाता, आलमबाग

- डिलीवरी लेने गए पीड़ित से मैनेजर ने की अभद्रता
- पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कृष्णानगर स्थित रेनॉल्ट कार शोरूम के सेल्समैन और दो खाता धारकों पर बहराइच निवासी एक ग्राहक से 4.23 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पीड़ित का कहना है कि कार बुकिंग और फाइनेंस की रकम शोरूम के नाम पर दिए गए क्यूआर कोड पर भेजी गई, लेकिन डिलीवरी के समय न तो कार मिली और न ही रकम का कोई रिकॉर्ड।

मूलरूप से बहराइच के किशुनपुर मीठा निवासी खलील के अनुसार, वर्ष 2025 में उन्होंने कृष्णानगर के वीआईपी रोड स्थित रेनॉल्ट शोरूम से ट्रिबर कार खरीदने के लिए संपर्क किया था। सेल्समैन राकेश गजेंद्र सिंह ने फाइनेंस के बाद कार की कीमत 8.75 लाख रुपये बताई। खलील ने 25 हजार रुपये बुकिंग अमाउंट जमा किया और फाइनेंस की बची 3.98 लाख रुपये की रकम 1 से 10 दिसंबर के बीच बेटे निजामुद्दीन और भतीजे सोनू अली के खातों से क्यूआर कोड के जरिए पुलकित और अजीत सोनी के खातों में भेज दी।




15 दिन बाद जब वह कार की डिलीवरी लेने शोरूम पहुंचे तो सेल्समैन गायब मिला। मैनेजर मधुकर मिश्रा ने बुकिंग अमाउंट के अलावा कोई रकम मिलने से इनकार करते हुए कथित रूप से अभद्रता की। इसके बाद पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में राकेश गजेंद्र सिंह, पुलकित और अजीत सोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बरामद तमंचे के साथ छात्र। अमृत विचार

# मेट्रो स्टेशन पर बैग में तमंचा लेकर पहुंचा छात्र, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान बीकॉम छात्र के बैग में 315 बोर का एक तमंचा मिला।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित मेट्रो स्टेशन पर एक युवक बैग लेकर पहुंचा। मशीन में चेकिंग के दौरान उसके बैग में तमंचा मिला। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसको पकड़ लिया और सूचना हजरतगंज पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर कोतवाली लाए।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अक्षत कनौजिया निवासी वृंदावन कॉलोनी पीजीआई बताया। पूछताछ की गई तो उसने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क के पास उसे तमंचा पड़ा मिला था। उसने तमंचा उठाकर बैग में रख लिया था। उपनिरीक्षक अंकित कुमार ने आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# साइबर ठग ने उड़ाए 4.77 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पोस्टलकर्मी और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर फंसाया
- चिनहट, पीजीआई और आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** राजधानी में साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से महिला और लोहिया विधि विश्वविद्यालय के कर्मचारी समेत तीन लोगों के खातों से करीब 4.77 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले चिनहट, पीजीआई और आशियाना थाना क्षेत्रों के हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से अंबेडकरनगर निवासी और चिनहट के निजापुर मल्हौर इलाके में रहने वाले विजय कृष्ण सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को वह इंडिया पोस्ट की वेबसाइट पर स्पीड पोस्ट ट्रैक कर रहे थे। कॉल के संकेत पर उन्होंने संपर्क किया तो सामने वाले ने खुद को पोस्टल सर्विस दिल्ली का कर्मचारी बताया। बाद में ट्रैकिंग चार्ज के नाम पर पांच रुपये जमा कराने को कहा गया और वीडियो कॉल के जरिए उनके खाते से 95 हजार रुपये निकाल लिए गए।

वहीं, आशियाना स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कर्मचारी पंकज कुमार सिंह के क्रेडिट कार्ड से दो बार में 1,81,996 रुपये निकाले गए। उधर, पीजीआई के वृंदावन योजना निवासी अमिता सिंह से ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर फर्जी डिमैट अकाउंट खुलवाकर दो लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। ठगी का एहसास होने पर तीनों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**अपराध** | अल्पसंख्यक कल्याण के संयुक्त निदेशक ने हजरतगंज कोतवाली में की शिकायत

# न्यूज चैनल यूपी मदरसा के संचालक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मदरसा शिक्षा से संबंधित भ्रामक खबरें चलाकर शासन और सरकार को बदनाम करने की साजिश का आरोप

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय ने कथित व्हाट्सएप न्यूज चैनल यूपी मदरसा के संचालक मो. तलहा वसीम अंसारी के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कथित पत्रकार मो. तलहा ने मदरसा शिक्षा से जुड़ी भ्रामक और आपत्तिजनक खबरें चलाकर शासन, सरकार और अधिकारियों को बदनाम करने तथा वसूली करने की नीयत से साजिश रची। साथ ही एक्स अकाउंट पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के अनुसार मो. तलहा वसीम अंसारी का यूपी मदरसा न्यूज चैनल न तो यूट्यूब पर पंजीकृत है और न ही विधिवत सोशल मीडिया पर सक्रिय है। इसके बावजूद लोगों को भ्रमित करने के उद्देश्य से चैनल पर उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद का लोगो लगाया गया। आरोप है कि 29 दिसंबर की रात 11:01 बजे चार मिनट का एक वीडियो प्रसारित किया गया, जो एआई तकनीक से तैयार बताया गया है। वीडियो में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैनल के वरिष्ठ पत्रकार की वॉइस ओवर का उपयोग कर अप्रमाणिक और आपत्तिजनक कंटेंट चलाया गया।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि उन्होंने मदरसा शिक्षा से जुड़े कई मामलों में कठोर कार्रवाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति हड़पने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ कार्रवाई, मदरसा शिक्षा परिषद में रजिस्ट्रार रहते फर्जी अंकपत्र रैकेट का पर्दाफाश तथा बरेली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और मदरसा परिषद में सक्रिय गैंग के गठजोड़ पर कड़ी कार्रवाई की गई थी।

इसके अलावा मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एनसीसी व एनएसएस कार्यक्रम शुरू कराने और कक्षाओं से पहले प्रतिदिन राष्ट्रगान अनिवार्य कराने जैसे कदम उठाए गए। आरोप है कि इन्हीं कारणों से कुछ लोग ईर्ष्या रखते हैं और भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। आरोपी तलहा बाराबंकी के रसौली का निवासी बताया गया है। पुलिस ने आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिवार गया था वैष्णो देवी, मकान में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आशियाना के रुचिखंड इलाके की घटना
- दुबग्गा में बंद घर में लाखों के जेवर लॉकर से गायब, नौकर पर शक

**अमृत विचार :** आशियाना में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस समय हुई, जब पीड़ित परिवार वैष्णो देवी दर्शन के लिए गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। वहीं, दुबग्गा में नवासे की जन्मदिन पार्टी में गई महिला के बंद घर से लाखों के जेवर चोरी हो गए। पीड़िता ने मामले में नौकर पर शक जताया है।

आशियाना के शारदा नगर स्थित रुचिखंड निवासी किरन वर्मा ने बताया कि वह 23 जनवरी को परिवार के साथ वैष्णो देवी दर्शन के लिए गई थीं। इस दौरान घर बंद था। 24 जनवरी की सुबह करीब सात बजे पड़ोसी ने मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा और किरन को फोन कर चोरी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। 29 जनवरी की रात जब पीड़ित परिवार वापस लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी खुली हुई थी। किरन ने बताया कि आलमारी से 35 हजार रुपये, जेवर, बर्तन और अन्य सामान गायब मिला। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार देर रात रिपोर्ट दर्ज की।



वहीं, दुबग्गा के कसमंडी रोड चौराहा स्थित लालनगर खेड़ा निवासी सलमा खान ने बताया कि 30 जनवरी को उनके नवासे का जन्मदिन था। रात में वह परिवार के साथ पार्टी में शामिल होने हजरतगंज स्थित एक होटल गई थीं। देर रात घर लौटने पर खिड़की का पर्दा हटा हुआ मिला, लेकिन उन्हें किसी अनहोनी का शक नहीं हुआ। 1 फरवरी को भाई के घर कार्यक्रम में जाने की तैयारी के दौरान आलमारी खोली तो लॉकर टूटा मिला और अंदर से लाखों के जेवर गायब थे। सलमा ने बताया कि घर में सफाई करने के लिए पास का अनूप आता था। 30 जनवरी को सफाई के दौरान उसने उनकी बेटी नाजिया से पार्टी के बारे में पूछा था। पीड़िता ने अनूप पर शक जताते हुए दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# वॉकथॉन से किया कैंसर से बचाव के लिए जागरूक

## विश्व कैंसर दिवस पर केजीएमयू, एसजीपीजीआई, कैंसर संस्थान, लविवि, भाषा विश्वविद्यालय ने निकाली रैली, कराए नुक्कड़ नाटक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस पर केजीएमयू, कैंसर संस्थान और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों और स्वास्थ्यकर्मियों ने पोस्टर प्रतियोगिता, रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कैंसर से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के प्रति जागरूक किया।



केजीएमयू में छात्रों व चिकित्सकों ने वॉकथॉन निकाली। इसमें पोस्टर और स्लोगन लेकर उन्होंने कैंसर से बचाव का संदेश फैलाया। नुक्कड़ नाटक में तंबाकू, गुटखा और शराब के दुष्प्रभावों को दिखाया गया और लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पैरामेडिकल संकाय के डीन डॉ. केके सिंह ने कहा कि कैंसर आज एक गंभीर और तेजी से फैलने वाली बीमारी बन चुका है, लेकिन यह पूरी तरह लाइलाज नहीं है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही इलाज से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। डॉ. केके सिंह ने बताया कि तंबाकू, धूम्रपान, शराब, जंक फूड, शारीरिक गतिविधि की कमी और मानसिक तनाव कैंसर के प्रमुख कारण हैं। दूसरी ओर एसजीपीजीआई में एंडोक्राइनसर्जरी विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम हुआ। निदेशक आरके धीमन ने कैंसर की शीघ्र पहचान, बहुविषयक उपचार कैंसर रोगियों और सर्वाइवर्स के लिए संवेदनशील और समग्र देखभाल के महत्व पर बल दिया। इस मौके पर डॉ. गौरव अग्रवाल और डॉ. ज्ञानचंद ने भी जानकारी साझा की।

- पोस्टर और स्लोगन बनाकर भी दिया जागरूकता का संदेश




विश्व कैंसर दिवस पर शहर के 1090 चौराहे से लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट एवं हेल्थ एजुकेशन अवेरनेस एंड लर्निंग फाउंडेशन की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल लोग। अमृत विचार

### शिक्षण संस्थानों ने भी किया जागरूक

- अमृत विचार, लखनऊ : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा अद्वितीय से एकजुटता थीम पर सेमिनार आयोजित किया गया। एरा विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. फरजाना मेंहदी ने सेमिनार का उद्घाटन किया और कैंसर रोगियों के इलाज के लिए नवीनतम सुविधाओं पर प्रकाश डाला। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आर.के. त्रिपाठी के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने वैश्विक स्तर पर बढ़ते कैंसर के बोझ पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता, समय पर निदान तथा वैज्ञानिक अनुसंधान की भूमिका को रेखांकित किया।

### समाज में जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करें छात्र : डॉ. मनोज




केजीएमयू के प्रशानिक भवन के पास से जगरुता रैली निकालते मेडिकल के छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. मनोज अस्थाना ने कहा कि जागरूकता कैंसर से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे समाज में जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करें। कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच से कैंसर से बचाव संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। इस मौके पर लगाए गए शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया।

## सिटी ब्रीफ

### शेल्टरों पर बसें रोकने का दिया आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलसीटीएसएल ने चालकों और परिचालकों को बसें निर्धारित स्टॉपेज के साथ सभी शेल्टरों पर रोकने के निर्देश दिए हैं। इससे यात्रियों को सुविधा मिलने के राथ विभाग के राजस्व में वृद्धि भी होगी। बस शेल्टरों पर अतिक्रमण भी नहीं हो पाएगा।

### टाटा एआईजी एसएमई दोगुना करेगा कारोबार

**अमृत विचार :** टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने प्रदेश में एमएसएमई के लिए जोखिम सुरक्षा मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है, जिसमें कानपुर, आगरा, लखनऊ और मुरादाबाद जैसे औद्योगिक केंद्रों पर विशेष फोकस रहेगा। राज्य में तेजी से बढ़ते एमएसएमई इकोसिस्टम को देखते हुए कंपनी ने लखनऊ में एक समर्पित कमर्शियल लाइन्स ज़ोन स्थापित किया है। टाटा एआईजी डिजिटल माध्यम से 99 प्रतिशत पॉलिसी सेवाएं प्रदान कर रही है और आग, चोरी, देयता व व्यक्तिगत दुर्घटना जैसे जोखिमों को कवर करने वाली मॉड्यूलर बीमा योजनाएं उपलब्ध करा रही है। हाल की आग और जलवायु घटनाओं ने व्यापक बीमा कवरेज की आवश्यकता को और महत्वपूर्ण बना दिया है।

### ट्रेनें चलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लॉकडाउन के बाद बंद पैसेंजर ट्रेनों को चलाने की मांग को लेकर भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। बहराइच से नेपालगंज के बीच पैसेंजर, मैलानी से नानपारा (छोटी लाइन) पैसेंजर एवं गोकुल एक्सप्रेस को शुरू करने की मांग की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि ट्रेनों के बंद रहने से किसानों, मजदूरों और दैनिक यात्रियों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

### जिला अध्यक्ष बने आसिफ सिद्दीकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा द्वारा मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी को संगठन का बहराइच जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि वे शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन कर इसकी जानकारी राष्ट्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। संगठन ने जनपद के सभी सदस्यों अपील की है कि वे उन्हें सहयोग प्रदान करें, जिससे भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा आम जनता को बेहतर रेल सुविधाएं दिलाने के उद्देश्य को प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सके।

### ईपीएस-95 पेंशनरों का दिल्ली कूच

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस-95) के तहत आने वाले पेंशनर लंबे समय से पेंशन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन केंद्रीय बजट में एक बार फिर उनकी अनदेखी किए जाने से उनमें भारी आक्रोश है। बजट घोषणाओं में वित्त मंत्री द्वारा ईपीएस-95 पेंशन को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया गया। देश के लगभग 81 लाख ईपीएस-95 पेंशनर पिछले दस वर्षों से न्यूनतम 7,500 रुपये मासिक पेंशन, महंगाई भत्ता और मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले, जो अब तक पूरे नहीं हुए। वर्तमान में ज्यादातर पेंशनरों को औसतन मात्र 1,171 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल रही है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशनर संगठनों के अनुसार आर्थिक तंगी और इलाज के अभाव में प्रतिदिन 200 से 250 पेंशनरों की मृत्यु हो रही है।

# इमाम मेहंदी के जन्मदिन पर सजीं महफिलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया मुसलमानों के 12वें इमाम हजरत मेहंदी के जन्मदिन पर पुराने लखनऊ में बुधवार को महफ़िलों व नज्रों का आयोजन किया गया। महफ़िलों में शायरों और धर्मगुरुओं ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। हुसैनाबाद ट्रस्ट ने मदेयगंज स्थित कर्बला मलका आफाक में जश्न-ए-मसर्रत का आयोजन किया। इसमें कई धर्मगुरुओं ने खिताब किया। बाद में शायरों ने इमाम मेहंदी की शान में कसीदे पढ़े। मंगलवार की रात को मेहदी घाट से रवाना किया गया बजरा बुधवार को दरिया वाली मस्जिद के पास गोमती में मौजूद रहा। जो लोग रात में बजरे तक नहीं पहुंच पाए थे उनके आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। लोगों ने बजरे में जाकर नज्र चखी और अपनी मन्नतों को कागज पर लिखकर आटे में लपेटकर गोमती में प्रवाहित किया। यह माना जाता है कि मांगी गई सभी मन्नतों को इमाम पूरा करते हैं।

### जश्न-ए-नूर-ए-असर मनाया गया

मंसूर नगर स्थित इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में जश्न-ए- नूर-ए- असर का आयोजन किया गया। जश्न को मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी ने खिताब किया। मौलाना के खिताब के बाद तमाम शायरों मौलाना ज़मा रिज़वी, मौलाना सैयद सफदर बिलाल, मौलाना सैयद गुलाम अली आबिदी, मौलाना समर महदी जैदपुरी, सैफ हुसैन, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना सैयद रज़ा मूसवी, मौलाना सैयद मुहम्मद हसनैन हुसैनी ने इमाम मेहंदी की शान में अपने कलाम पेश किए।

### जश्न-ए- मुंतजिर का आयोजन

हसनपुरिया स्थित अब्बासिया मस्जिद में जश्न-ए- मुंतजिर मनाया गया। इस महफ़िल को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी और मौलाना फिरोज़ अब्बास ने खिताब किया। शायरों ने अपने इमाम की शान में नजराना-ए-अकीदत पेश की। कर्बला नसीरुद्दीन हैदर डालीगंज में महफ़िल-ए- कायम का आयोजन किया गया। महफ़िल को मौलाना एजाज अतहर ने खिताब किया।

# सहालग में ज्वैलरी शोरूम में छाया सन्नाटा

## दिन में कई बार सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव का पड़ रहा सराफा बाजार पर असर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सोने और चांदी के भावों में लगातार हो रहे उतार चढ़ाव के चलते सहालग के समय भी खरीदार बाजार से दूर हैं। अमीनाबाद, चौक, आलमबाग, निशातगंज, महानगर, अलीगंज, कृष्णानगर, आशियाना, हजरतगंज औऱ्गो गोमतीनगर के सर्राफा बाजार की ज्यादातर ज्वैलरी की दुकानों पर सन्नाटा पसरा है।

सर्राफा कारोबारी मान रहे हैं कि भाव में जब तक 'स्थिरता' नहीं दिखेगी बाजारों में रौनक लौटने वाली नहीं है। बुधवार को 24 कैरेट सोने का भाव प्रति दस ग्राम 1,65,000 रुपये तो चांदी 3,05,000 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है।



चौक सर्राफा बाजार में एक दुंकान में ग्राहक के इंतजार में बैठे दुकानदार और कर्मचारी। अमृत विचार

### पहले कभी सहालगों में दुकानों पर नहीं हुआ ग्राहकों का इंतजार : सिद्धार्थ

- चौक के सर्राफा कारोबारी सिद्धार्थ जैन का कहना है कि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि सहालग में दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार हुआ हो। दिन में कई बार सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इससे ग्राहकों में असमंजस है। इक्का-दुक्का ग्राहक आते भी हैं तो भाव पूछकर चले जाते हैं या फिर पुरानी ज्वेलरी के रीसाईकिल करा अपना काम चला रहे हैं। लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन के वरिष्ठ महामंत्री एवं अमीनाबाद के कारोबारी प्रदीप अग्रवाल बताते हैं कि सहालग के मौसम में ग्राहकों की ऐसी खामोशी देखने को नहीं मिली। लोग आकर भाव पूछते हैं फिर चले जाते हैं। कीमतों का अंतर जानने के बाद भाव कब स्थिर होंगे को लेकर सवाल करते हैं और फिर चले जाते हैं। पुरानी ज्वेलरी को या तो रीसाईकिल कराने को लेकर भाव-ताव करते हैं और फिर निकल जाते हैं। यह सहालग सर्राफा बाजार के लिए अच्छी नहीं है।

## सिटी डायरी

### रोहताश प्रेसिडेंशियल पार्किंग में बने रेस्टोरेंट ध्वस्त




पारा में अस्पताल सील करते अधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभूति खंड में रोहताश प्रेसिडेंशियल अपार्टमेंट की पार्किंग में बने दो अवैध रेस्टोरेंट ध्वस्त कर दिए। साथ ही चिनहट के उत्तरधौना में स्प्रिंग गार्डेन फेज-2 में अवैध निर्माण ध्वस्त किया। सरोजनी नगर में मैरिज लॉन, हॉस्पिटल व पारा में 25 रो-हाउस सील किए। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि विभूति खंड में रोहताश प्रेसिडेंशियल अपार्टमेंट के सेटबैक व ओपन पार्किंग की जगह पर अवैध रूप से पंजाबी ढाबा (साईं ढाबा) व लिटिल शेफ रेस्टोरेंट निर्मित किया गया था। स्वीकृत मानचित्र के विपरीत दोनों निर्माण ध्वस्त कर दिए इसके अलावा चिनहट के उत्तरधौना में स्प्रिंग गार्डेन फेज-2 के लिए प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत किया गया है।



केजीएमयू में काला फीता बांधकर विरोध जतातीं नर्सें।

### मांगों को लेकर नर्सों का प्रदर्शन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेस फेडरेशन, नई दिल्ली के आह्वान पर राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश सहित देशभर की नर्सें अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर बुधवार को भी काला फीता बांधकर विरोध जताया। राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि प्रदर्शन दो फरवरी को शुरू हुआ था। 6 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर प्रदर्शन किया जाएगा। मांगों में 8वें वेतन आयोग में नर्सिंग कैडर से संबंधित सिफारिशों पर समुचित चर्चा कर उनका शीघ्र क्रियान्वयन, पदोन्नति की स्पष्ट एवं पारदर्शी नीति लागू करना, वेतन एवं भत्तों में समानता, भारत सरकार में नर्सिंग सेक्शन को उसके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित करना आदि शामिल है।



कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी लेता छग का दल।

### लखनऊ से सीखेंगे कूड़ा प्रबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी लखनऊ से कूड़ा प्रबंधन की तकनीक सीखेंगे। विभिन्न नगर निगमों के इंजीनियरों सहित कुल 36 अधिकारियों ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के शिवरी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण करके कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया देखी। रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एनवायरमेंटल स्टडीज (आरसीयूईएस) ने क्लीन सिटीज एंड सैनिटेशन अचीवमेंट के अंतर्गत लखनऊ में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण दल का नेतृत्व (आरसीयूईएस) की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. अंजुली मिश्रा एवं डॉक्यूमेंटेशन एक्सपर्ट प्रियंशा सिंह ने किया।



क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय का स्वागत करते कर्मचारी।

### लखनऊ क्षेत्र प्रभारी का किया स्वागत

**अमृत विचार :** परिवहन निगम मुख्यालय में प्रधान प्रबंधक (एमआईएस) के साथ लखनऊ क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर अमर नाथ सहाय का कर्मचारियों ने बुधवार को स्वागत किया गया। कर्मचारी नेता रूपेश कुमार, मो .आदिल, दानिश उमर, गुरमीत सिंह, मो .अशरफ, मो. अजीम, पुष्पेंद्र सिंह, आमिर जावेद, हिमांशु, एनएन पाण्डेय, रजनीश मिश्रा, विजय, तालिब उपस्थित रहे।

व्याख्यान

डॉ. गौतम चटर्जी ने खोलीं गायन, वादन और नृत्य के विद्यार्थियों की आंखें, जिज्ञासाओं को भी किया शांत

# वास्तव में मानव सोच को दर्शाते हैं नृत्य के आठ भाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कथक सम्राट पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की जयंती पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के जयशंकर प्रसाद सभागार में बुधवार को नाट्यशास्त्र और समकालीन शास्त्रीय नृत्य विधाएं विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वाराणसी से आए डॉ. गौतम चटर्जी ने अपने व्याख्यान के जरिये न सिर्फ गायन, वादन और नृत्य के विद्यार्थियों की आंखें खोलीं बल्कि उनकी जिज्ञासाओं को भी बहुत अच्छे अंदाज में शांत किया। नाट्यशास्त्र, अभिनय शास्त्र और क्लासिक सिनेमा जैसी पुस्तकें लिखने वाले गौतम चटर्जी ने 100 से ज्यादा नाटक लिखे हैं। उन्होंने बंगला से अंग्रेजी और संस्कृत से हिन्दी में अनुवाद का काम भी किया है।

उन्होंने कहा कि बिरजू महाराज गायन, वादन और नृत्य तीनों में महारत रखते थे। उन्होंने बताया कि नृत्य के 8 भाव वास्तव में मानव सोच को दर्शाते हैं। यह मानवीय भावना है। नर्तक या नर्तकी अपने नृत्य का असर न छोड़ पाए तो यह समझ लेना चाहिए कि उसने नाट्यशास्त्र पढ़ा ही नहीं है। कलाकार को अपने प्रदर्शन से पहले शांत होना चाहिए। उसे अहंकार का भाव छोड़ देना चाहिए। भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने इस मौके पर कहा कि बिरजू महाराज युग पुरुष थे। बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर, संस्थान की उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी भी इस मौके पर मौजूद थीं।

### कला साधना के साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें

- डॉ. गौतम ने विद्यार्थियों को राय दी कि उन्हें अपनी कला साधना के साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमारे ग्रन्थ हमें सिखाने के लिए हैं। इन्हें समझना इसलिए आसान है क्योंकि इन्हें संवाद शैली में लिखा गया है। नचिकेता पूछते हैं तो यम बताते हैं। अर्जुन पूछते हैं तो कृष्ण बताते हैं। संवाद का यह भाव जब हम समझने लगते हैं तो उत्तर भीतर से आते हैं।



व्याख्यान में जानकारी देते डॉ. गौतम चटर्जी, साथ में अन्य।

### नृत्य में अभिनय पक्ष न हो तो उसकी कोई अहमियत नहीं

- डॉ. गौतम ने कहा कि नृत्य में अभिनय पक्ष न हो तो उसकी कोई अहमियत नहीं है। अभिनय से नृत्य की मुग्धता बढ़ती है। शुद्ध नृत्य में अभिनय जुड़ता है तो लास्य बनता है। डॉ. गौतम चटर्जी ने बताया कि भरत नाट्यशास्त्र के अनुसार शोकगीत में कोई इंस्ट्रूमेंट नहीं बजना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ने के लिए हमें पढ़ने का तरीका भी आना चाहिए। जैसे हम वेद पढ़ना चाहते हैं तो हमें पहले वेदांग पढ़ना चाहिए। हमें पता होना चाहिए कि ईश्वर ने अगर हमें सूरज दिया तो भीतर एक प्रतिभा भी दी।

## सिटी ब्रीफ

### रोजगार मेले में आईं 40 कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** जय नारायण मिश्र महाविद्यालय परिसर में बुधवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आईटीसी एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। जिनके माध्यम से लगभग 2000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ललित कला अकादमी गिरीश चंद्र मिश्रा, पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, प्राचार्य केके शुक्ला, आईटीसी के रीजनल मैनेजर रवि बंसल, सहायक निदेशक सूर्यकांत कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लविवि ने परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षाओं के कुछ पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। एम.ए. (अंग्रेज़ी) तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी. (न्यूट्रिशन) तथा एम.ए. (शिक्षा) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल घोषित किए गए हैं। इन परीक्षाओं का विस्तृत परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार , लखनऊ :** बीरबल साहनी पुरावनस्पतिविज्ञान संस्थान में रॉक मैग्नेटिज़्म विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन वैलेडिक्टरी समारोह के साथ हुआ। छात्रों और शोधार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा समापन सत्र में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशाला के अंतर्गत प्रो. सतीश जे. सांगोडे ने "मैग्नेटोस्ट्रैटिग्राफी तकनीक एवं भू-विज्ञान में इसके अनुप्रयोग" तथा "पर्यावरणीय चुंबकत्व का परिचय" विषयों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार शैलों, अवसादों एवं मृदाओं में संरक्षित सूक्ष्म चुंबकीय संकेत पृथ्वी के भूवैज्ञानिक इतिहास, पर्यावरणीय परिवर्तनों तथा भू-काल निर्धारण को समझने में सहायक होते हैं। डॉ. बिनिता फर्तियाल ने "पैलियोक्लाइमेट पुनर्निर्माण में मल्टी-प्रॉक्सी के महत्व" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### 7 को होगा जैनपैक्ट का प्लेसमेंट ड्राइव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए करियर अवसर की घोषणा की गई है। वैश्विक स्तर पर कार्यरत प्रतिष्ठित कंपनी जेनपैक्ट 7 फरवरी शनिवार को नए परिसर स्थित फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेगी। यह प्लेसमेंट ड्राइव विशेष रूप से 2026 पासिंग आउट बैच के स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। ड्राइव के माध्यम से कंपनी योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेगी। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति गुरुग्राम में की जाएगी, जहां कार्यप्रणाली वर्क फ्रॉम ऑफिस रहेगी तथा शिफ्टें रोटेशनल होंगी। पात्रता मानदंड के अनुसार अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों का शैक्षणिक रिकॉर्ड एवं अंग्रेज़ी भाषा में प्रभावी संचार कौशल होना अनिवार्य है। इच्छुक विद्यार्थी 6 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल इंस्टाग्राम और एक्स हैंडल पर उपलब्ध है।

### चित्रकला में सीएमएस की छात्रा विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की छात्रा रेजल खान ने अंतरविद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता 'चैलेन्ज हब ऑनलाइन कान्टेस्ट' में विजेता का खिताब जीता है।



यह प्रतियोगिता केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस छात्रा ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्रा की को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 75 जिलों में बनेंगे राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय

## पुस्तकालयों की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा अपडेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में पुस्तकालयों को नई पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट सुविधाओं से जोड़कर आम लोगों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय योजना के तहत पुस्तकालयों में डिजिटल कंटेंट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इन पुस्तकालयों की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अपडेट किया जाएगा और पुस्तकों के निर्गत करने की प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शिक्षा निदेशालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्य पुस्तकालय व प्रदेश के सभी जिलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए।

- डिजिटल कंटेंट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी

### लेखक संवाद कार्यक्रम भी होंगे

- पुस्तकालयों को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रकाशकों, लेखकों और पुस्तक विक्रेताओं के साथ नियमित संपर्क रखा जाएगा। इसके अलावा 'लेखक-संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



बैठक करते माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा।

### वरिष्ठ नागरिकों को भी जोड़ेंगे

- पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पुस्तकालयों से जोड़ी जाएगी। उनके लिए विशेष पठन कार्यक्रम, चर्चा सत्र और ज्ञान-संवाद आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय समाज की भागीदारी से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए।

प्रदेश के सार्वजनिक पुस्तकालयों को जनसामान्य के लिए अधिक उपयोगी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने को लेकर बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश के नवाचार करने वाले पुस्तकालयों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने कार्यों और अभिनव प्रयोगों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इन पुस्तकालयों की अच्छी पहल को मॉडल के रूप में अपनाते हुए प्रदेशभर के पुस्तकालयों में भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। उन्होंने पुस्तकालयों को केवल पुस्तकों के संग्रहण स्थल न मानते हुए उन्हें 'ज्ञान केंद्र' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में विशेष सचिव उमेश चंद्र, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) महेंद्र देव, अपर शिक्षा निदेशक (व्यावसायिक शिक्षा) मनोज कुमार द्विवेदी व विशेष कार्याधिकारी (पुस्तकालय) सात्वना तिवारी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**पठन संस्कृति के लिए तैयार हुआ रोडमैप:** पठन संस्कृति के विस्तार के लिए अपर मुख्य सचिव ने एक नया रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालय बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करें। शिक्षक स्वयं पुस्तकालयों और पुस्तकों से सक्रिय रूप से जुड़ें तथा उनके माध्यम से विद्यार्थियों को भी पुस्तकालयों से जोड़ा जा सके।

# उद्यमिता व्यवसाय ही नहीं समस्या का समाधान भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विधि विश्वविद्यालय में हुआ उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार:** विद्यार्थियों को उद्यमशील सोच एवं नवाचार आधारित करियर मार्गों के प्रति जागरूक करने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनक्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. मनीष सिंह ने युवाओं में उद्यमशील कौशल विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों को उद्यमिता को केवल व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि समस्या-समाधान की मानसिकता के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े दो प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। ऋषभ सिंह ने स्टार्ट-अप्स के निर्माण एवं विस्तार से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आइडिया वैलिडेशन, गो-टू-मार्केट रणनीति, फाउंडर-मार्केट फिट, स्केलेबिलिटी की चुनौतियाँ तथा निवेश के लिए तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। परितोष सिंह उद्यम की स्थापना, संचालन संबंधी चुनौतियाँ, विनिर्माण प्रक्रियाएँ तथा बाजार रणनीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी विनिर्माण तथा सतत कृषि-व्यवसाय नवाचार में अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए लचीलापन, प्रक्रिया सुधार और बाजार-आधारित निर्णय-निर्माण को उद्यमिता के प्रमुख गुण बताया। समन्वय डॉ. मनीष बाजपेयी व डॉ. मिताली तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वसुंधरा, मंजूषा, अखिलेश, यधवर्धन सहित अन्य संकाय सदस्यों तथा छात्र स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एआई फॉर एवरीवन पाठ्यक्रम को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की 25वीं अकादमिक परिषद की बैठक में शैक्षणिक विस्तार, शोध संवर्धन और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। परिषद ने ललित कला संकाय में बीए संगीत (वोकल) पाठ्यक्रम और फार्मेसी, जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग में पीएचडी कार्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति दी।

सभी विभागों के लिए 30 घंटे का "एआई फॉर एवरीवन" प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम मंजूर किया गया, जो स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में संचालित होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आधारभूत समझ देना और उन्हें भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करना है।



अकादमिक परिषद की बैठक लेते कुलपति प्रो. अजय तनेजा। अमृत विचार

विश्वविद्यालय में शोध इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। सेमिनार के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर 20,000 रुपये, राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख रुपये और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यात्रा भत्ता, प्री-कॉन्फ्रेंस प्रकाशन शुल्क और बोर्डिंग-लॉजिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

- भाषा विवि में 25वीं अकादमिक परिषद में बीए संगीत, पीएचडी और तकनीकी पाठ्यक्रमों के विस्तार की पहल

फार्मेसी संकाय के बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष का पाठ्यक्रम PCI मानकों के अनुरूप अनुमोदित किया गया। बीपीईएस, बीपीईडी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अवधी शोध पीठ के अंतर्गत बीए इन अवधी कार्यक्रम और अवधी भाषा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी प्रारंभ होंगे।

एमएससी जूलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, एमए समाजशास्त्र, संस्कृत, बीए मनोविज्ञान और एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग (AICTE मानकों के अनुरूप) को भी स्वीकृति दी गई। बीटेक साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञ विषय पढ़ाएंगे। एमटेक बायोटेक्नोलॉजी अब एआई इंटीग्रेटेड डिग्री के रूप में संचालित होगी।

# देशभर में आयोजित होगा आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गणित व विज्ञान शिक्षकों के साथ आयोजित की गई ऑनलाइन बैठक

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालयों के गणित शिक्षकों के संगठन द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन माध्यमिक छात्रों में गणित को सरल और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में दो तरह के प्रश्नपत्रों के माध्यम से छात्रों को गणितीय पहेलियां दी जाएंगी। प्रतियोगिता परीक्षा 2026 में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गणित व विज्ञान शिक्षकों के साथ एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद ने निर्देश दिए हैं कि सीबीएसई से संबद्ध सभी राज्यों के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र इस प्रतियोगिता में भाग लें। इस संबंध में सभी प्राचार्य और क्षेत्रीय अधिकारियों को सूचित किया गया है। बैठक में इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी के महासचिव प्रोफेसर एमएम शिकारे ने बताया कि इस परीक्षा से छात्रों की तर्कशक्ति, विश्लेषण क्षमता और सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। वहीं अध्यक्ष प्रोफेसर एसएस खरे ने इसे स्कूली शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। अध्यक्ष प्रोफेसर केसी सिन्हा ने बताया कि अब तक करीब 20 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्र शामिल होंगे। डॉ. विजय कुमार ने बताया कि परीक्षा निःशुल्क है और छात्र 10 फरवरी तक www.imsaindia.org पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### समाज की वास्तविक समस्याओं पर होना चाहिए शोध

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान केवल अकादमिक अध्ययन नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान में सहायक होना चाहिए। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की पूर्व कुलपति प्रो. सीमा सिंह रहीं। मंच पर विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. मीनाक्षी सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रजनी रंजन सिंह, शिक्षा विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही, प्रो. हरिशंकर सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संगीता चौहान उपस्थित रहे।



पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद प्रतिभागी। अमृत विचार

### पुरस्कारों की झड़ी, रंगारंग कार्यक्रमों ने मन मोहा

**अमृत विचार , लखनऊ:** महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य पुरस्कृत गौरव खन्ना और विशिष्ट अतिथि पैरालंपियन पायल (एडिडास की ब्रांड एंबेसडर) उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुमन गुप्ता ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका आगमन महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। महाविद्यालय में आयोजित चेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की ऊर्जा और क्षमता की सराहना की।

# अभ्युदय के शतक से एमएफपीसीए फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अभ्युदय प्रताप सिंह के शानदार शतक और विजय यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर मल्टी फेसिलिटी प्रोफेशनल क्रिकेट एरीना (एमएफपीसीए) ने सी डिवीजन क्रिकेट लीग के फाइनल में जगह बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमएफपीसीए की टीम ने सधी हुई और आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज अभ्युदय प्रताप सिंह ने बेहतरीन संयम और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 100 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी में 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। दूसरे छोर से विजय यादव ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए मात्र 89 गेंदों पर 90 रनों की तेज तर्रार पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की मजबूत साझेदारी की बदौलत एमएफपीसीए ने 44 ओवर में 288 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

289 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इकाना रेंजर्स की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। एमएफपीसीए के सधे हुए गेंदबाजी आक्रमण के सामने इकाना के बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 29.4 ओवर में 132 रनों पर सिमट गई। एमएफपीसीए की ओर से आसिफ अली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। वहीं गुरवीर सिंह, विजय यादव और आदित्य ने दो-दो विकेट लेकर जीत को एकतरफा बना दिया। इस दमदार प्रदर्शन के साथ एमएफपीसीए ने फाइनल में प्रवेश कर खिताबी दावेदारी मजबूत कर ली है।

## सिटी डायरी



टैगोर पुस्तकालय का दौरा करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

### कुलपति ने प्राचीन पांडुलिपियों को देखा, संरक्षण के दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने टैगोर पुस्तकालय का दौरा किया। उन्होंने पुस्तकालय की अधोसंरचना, सेवाओं, शैक्षणिक संसाधनों और विरासत संग्रह का निरीक्षण किया। इस दौरान शताब्दियों पुरानी पांडुलिपियों को देखा और उनके संरक्षण की आवश्यकता बताई। कुलपति ने भवन निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, अभिलेख प्रबंधन प्रणाली, बोर्ड कक्ष, विश्वकोश, गज़ेटियर और अन्य संदर्भ सामग्री का भी अवलोकन किया। स्वचालन अनुभाग में स्टैक क्षेत्र से पुस्तकों के डाटा एंट्री की प्रगति की समीक्षा की और प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने पर बल दिया। साइबर पुस्तकालय में बेहतर स्टाफ प्रबंधन की रणनीतियों पर चर्चा की और सुझाव दिया कि अधिशेष कर्मचारियों को तकनीकी अनुभाग में डाटा एंट्री में सहयोग हेतु स्थानांतरित किया जाए।



समाज कार्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते प्रतिभागी।

### युवाओं को किया गया जागरूक

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा युवामंथन के सहयोग से "कैम्पस कॉलिंग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम (पोश) अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञ सत्र, लघु फिल्म और छात्र-छात्राओं द्वारा नाटकीय प्रस्तुति शामिल थी। प्रमुख वक्ता प्रो. रूपा शंकर ने पोश अधिनियम के प्रावधानों और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम 2013 में लागू किया गया था, लेकिन अब भी कई लोग इसके बारे में अनजान हैं। कार्यक्रम के अगले सत्र में डॉ. सत्येंद्र ने "साइबर सुरक्षा, गोपनीयता और कार्यस्थल सुरक्षा" पर व्याख्यान दिया।



कोच के साथ वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी।

### तनिष्का और रिमझिम नेशनल वेटलिफ्टिंग में खेलेंगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजियाबाद के मोदीनगर में बुधवार से शुरू हो रही नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ की दो होनहार खिलाड़ी तनिष्का कन्नौजिया और रिमझिम सिंह चौहान अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगी। यह प्रतियोगिता 14 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग कोच एवं उप-क्रीड़ा अधिकारी अरबिन्द सिंह कुशवाहा की देखरेख में नियमित अभ्यास कर रही दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो चुकी हैं।



शतरंज प्रतियोगिता में चाल चलते प्रतिभागी खिलाड़ी।

### ईशान व आदर्श स्टेट रैपिड शतरंज में शीर्ष पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्टेडियम के लालजी टंडन हॉल में शुरू हुई यूपी स्टेट रैपिड शतरंज चैंपियनशिप अब निर्णायक दौर में है। प्रदेश भर से आए 198 खिलाड़ियों में 85 अंतरराष्ट्रीय रेटेड प्रतिभागियों ने शानदार खेल दिखाया। छठे चक्र के बाद आगरा के ईशान लावण्या और आदर्श सारस्वत पांच-पांच अंकों के साथ संयुक्त शीर्ष पर हैं। लखनऊ के आरव गुप्ता और शाहजहांपुर के आयुष सक्सेना समेत आठ खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं।

**आयोजन** 36वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 बालक हॉकी प्राइजमनी टूर्नामेंट

# हरियाणा, ओडिशा और पंजाब क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेजर ध्यानचंद हॉकी अकादमी हरियाणा, नवल टाटा ग्रासरूट ओडिशा और होली वर्ल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी पंजाब ने 36वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 बालक हॉकी प्राइजमनी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बुधवार को लीग के पहले चरण के सभी मुकाबले समाप्त हो गए। केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देखरेख में गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी टर्फ पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दर्शकों को कई दमदार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

दिन के पहले मैच में जय हॉकी अकादमी तमिलनाडु ने हॉकी त्रिपुरा को 1-0 से पराजित किया। मुकाबले के पहले क्वार्टर के चौथे मिनट में तमिलनाडु को मिले पेनाल्टी कार्नर पर अगम कुशवाहा ने शानदार गोल दागा, जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। एक अन्य मुकाबले में नवल टाटा ग्रासरूट ओडिशा ने होली वर्ल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी पंजाब को 5-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं दिन के अंतिम लीग मैच में मेजर ध्यानचंद हॉकी अकादमी हरियाणा ने टाटा स्टील जमशेदपुर झारखंड को 2-1 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।



बॉल पर कब्जे के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी। अमृत विचार

टूर्नामेंट के दूसरे लीग चरण के मुकाबले गुरुवार से खेले जाएंगे। पहले मैच में एमएमएस स्पोर्ट्स अकादमी हरियाणा का सामना पंजाब स्टेट स्पोर्ट्स अकादमी, मोहाली से होगा। दूसरे मुकाबले में एसडीए तमिलनाडु और फ्लिकर ब्रदर्स हरियाणा आमने-सामने होंगे। इसके अलावा राउंड ग्लास चंडीगढ़ की भिड़ंत हॉकी असम से होगी, जबकि राजस्थान हॉकी एसोसिएशन और एसई आर्गेनाइजेशन मणिपुर की टीमें एक-दूसरे को चुनौती देंगी।

### यूपीएएसटी-11 ने यूपीजेके-18 को हराया

- अमृत विचार , लखनऊ : बीती रात कैरियर क्रिकेट स्टेडियम में यूपीएएसटी-11 और यूपीजेके-18 के बीच रात्रिकालीन क्रिकेट मैच आयोजित हुआ। न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के बीच खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों का उत्साह देखने लायक था। मैच से पहले यूपीएएसटी के संचालन निदेशक अधिवक्ता वैभव जैन ने टीमों का स्वागत किया। यूपीजेके ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। यूपीएएसटी की ओर से ऋषभ पाण्डेय और निशांत सिंह ने विस्फोटक शुरुआत की।